शुक्रवार
13 फरवरी 2026
● देहरादून
● वर्ष 34
● अंक 21
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

34 साल से देहरादून का विश्वास

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. : 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com
Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# देहरादून बना वासेपुर

## दो दिन में दो सुपारी किलिंग



## मृतक झारखण्ड का हिस्ट्रीशीटर है, 50 से अधिक अपराधिक मामले हैं दर्ज

संवाददाता

देहरादून। राजपुर रोड पर स्थित मॉल के बाहर बदमाशों ने स्टोन क्रेशर मालिक की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक झारखण्ड का हिस्ट्रीशीटर बदमाश बताया जा रहा है जिसपर 50 से अधिक अपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार सिल्वर सिटी मॉल के सामने जिम से एक व्यक्ति बाहर निकला तभी वहां पर आये तीन बदमाशों ने उसपर गोलियां बरसा दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। गोलियों की आवाज सुनकर आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल उत्पन्न हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के लोगों से मृतक की शिनाख्त करायी तो मृतक की शिनाख्त कालीदास रोड निवासी विक्रम शर्मा के रूप में हुई। मृतक मूल रूप से झारखण्ड का रहने वाला है तथा वर्तमान में कालीदास रोड के एक अपार्टमेंट में रह रहा था। पुलिस को जानकारी मिली कि विक्रम शर्मा सुबह नौ बजे जिम में आया था तथा साढे दस बजे जब वह जिम से बाहर निकला तभी हमलावरों ने उसपर गोलियां चला दी थी। पुलिस ने मृतक की तलाशी ली तो उसके पास से पुलिस को लाइसेंसी पिस्टल बरामद हुआ। जिसका लाइसेंस विक्रम शर्मा के नाम पर था। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक झारखण्ड का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है तथा जिस पर दर्जनों हत्या सहित 50 से अधिक मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस मामले को गैंगवार मानकर चल रही है। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगलाना शुरू कर दिया है। मृतक स्टोन क्रेशर का मालिक है। जो यहां रेसकोर्स में रह रहा था। पुलिस जांच में सामने आया कि हमलावरों की संख्या तीन थी तथा एक दुपहिया वाहन को स्टार्ट करके घटनास्थल के पास ही खडा था। जैसे ही बदमाशों ने उसको गोली मारी तो वह तीनों दुपहिया वाहन पर बैठकर फरार हो गये। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज हत्यारोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मृतक विक्रम शर्मा झारखण्ड का बडा गैंगस्टर था तथा झारखण्ड के गैंगस्टर अखिलेश का गुरू था। नौ साल पहले जमशेदपुर में जब माफिया अखिलेश को गिरफ्तार किया गया था तब झारखण्ड पुलिस ने देहरादून आकर गैंगस्टर विक्रम शर्मा को गिरफ्तार किया था। जमानत पर छूटकर वह फिर देहरादून में अलग–अलग कारोबार कर रहा था। 2017 में झारखण्ड पुलिस ने उसे फिर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जिसके बाद 2021 में झारखण्ड हाईकोर्ट ने शर्तो के साथ उसको जमानत दी थी। विक्रम शर्मा 2007 से कई बडी आपराधिक वारदातों को अंजाम दे चुका था। वह झारखण्ड में अपराध का बडा नाम था। लेकिन कई सालों से देहरादून को अपना ठिकाना बनाकर रह रहा था। बहुत बडे माफिया के लिए पिछले डेढ दशक से देहरादून में सेफ हाउस बना हुआ था। यह दो गैंग की आपसी रंजिश का मामला लग रहा है। अपराधियों की आपसी अदावत राज्य की साख पर बटटा लगा रहे हैं।

### तीन माह में राज्य में तीन बड़े शूटआउट

देहरादून। उत्तराखण्ड में बीते तीन माह के भीतर शूटरों द्वारा तीन बड़े हत्याकांडो को अंजाम दिया गया है। जिनमें से 27 दिसम्बर को शूटरों द्वारा पुलिस अभिरक्षा लाये जा रहे गैगंस्टर विनय त्यागी को मौत के घाट उतार दिया गया था। वहीं बीते 11 फरवरी को शूटरों द्वारा राजधानी देहरादून के तिब्बती मार्केट के समीप अर्जुन शर्मा को मौत के घाट उतारा गया था। इस क्रम में आज एक बार फिर शूटरों द्वारा व्यस्तम राजपुर रोड पर विक्रम शर्मा नाम के एक गैंगस्टर पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा कर उसे मौत के घाट उतार दिया गया है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# कहां है मित्र पुलिस?

राज्य में आये दिन हो रहे अपराधों को लेकर अब आम जनमानस भी स्तब्ध है। लोगों का कहना है कि हमारी मित्र पुलिस कहां सो रही है जबकि बदमाश जाग रहे है। बीते कुछ दिनो से राज्य में अपराधों की संख्या बढ़ी है। जिस कारण बीते रोज मीडिया के सामने आकर गृह सचिव तक ने इस पर चिंता जताई गयी थी। बढ़ते अपराधों पर बात अगर राजधानी देहरादून की करें तो बीते 15 दिनों में यहां पांच हत्याओं को अंजाम दिया जा चुका है। जिनमें से दिन दहाड़े की जाने वाली हत्याये तीन है। जिसमें बदमाशो ने यह साबित किया है कि वह कानून को कितनी संजीदगी से ले रहे है। बीते दो दिन पूर्व बदमाशों द्वारा दिन दहाड़े गोली मारकर एक व्यक्ति की तिब्बती मार्केट के बाहर हत्या कर दी गयी थी हालांकि पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना में शामिल मृतक की मां सहित पांच लोगों को जेल भेज दिया गया है। राजधानी में बढ़ते अपराधों के क्रम में आज सुबह एक ऐसी ही सनसनीखेज घटना सामने आयी है जिसमें राजपुर रोड जैसे व्यस्तम क्षेत्र में बदमाशों द्वारा सुबह सवेरे जिम से लौट रहे एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। वहीं एक और घटनाक्रम में पटेलनगर स्थित एक नाले में युवक का शव बरामद किया गया है। युवक की मौत संदिग्ध है क्योंकि उसके शरीर सिर्फ कच्छा बनियान है जो इस युवक की मौत को संदिग्ध बताने के लिए काफी है। हालांकि राजधानी में बढ़ते अपराधों को लेकर पुलिस के आलाधिकारी हर वारदात के बाद सुरक्षा व्यवस्था चाक चौंबद होने की बात कर रह है लेकिन यह सुरक्षा व्यवस्था कितनी चाक चौंबद है यह सबके सामने है। राजधानी सहित पूरे राज्य में कानून व्यवस्था लचर हो चुकी है। बीते रोज हल्द्वानी स्थित मंडी क्षेत्र में एक युवक और युवती का रक्त रंजित शव बरामद किया गया था। जिनके हत्यारों को पुलिस ने देर शाम गिरफ्तार कर लिया है। राज्य में बढ़ते अपराधों को देखते हुए राज्य के लोगों का कहना है कि लगता है राज्य में मित्र पुलिस सो रही है। जबकि बदमाश चौकस होकर जाग रहे है और अपने काम को पूरी सर्तकता से अंजाम दे रहे है।

# गैंगस्टर एक्ट के वांछित दो लोग गिरफ्तार

संवाददाता

टिहरी। पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो लोगों को गिरफ्तार कर उनको न्यायालय में पेश किया गया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।


मिली जानकारी के अनुसार थाना मुनि की रेती पर 03। फरवरी 2026 को प्रभारी निरीक्षक की मौखिक सूचना के आधार पर गोपाल जायसवाल उर्फ गोपाली एवं रेखा साहनी के विरुद्ध गैंग बनाकर आर्थिक/भौतिक लाभ हेतु अवैध मादक पदार्थ (स्मैक आदि) की तस्करी करने पर गैंगस्टर एक्ट पंजीकृत किया गया। उक्त अभियोग की विवेचना प्रभारी निरीक्षक कीर्ति नगर द्वारा संपादित की जा रही है।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक टिहरी गढ़वाल के निर्देशानुसार वांछित की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक टिहरी गढ़वाल एवं क्षेत्राधिकारी नरेंद्रनगर के निर्देशन में 11/12.फरवरी 2026 को पुलिस टीम द्वारा दोनों को उनके निवास चंद्रेश्वर नगर, चंद्रभागा, ऋषिकेश (जनपद देहरादून) से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। रेखा साहनी एनडीपीएस एक्ट, आबकारी अधिनियम, गैंगस्टर एक्ट एवं मारपीट/धमकी से संबंधित लगभग 16 अभियोग पंजीकृत। गोपाल जायसवाल एनडीपीएस एक्ट व आबकारी अधिनियम सहित लगभग 07 मुकदमें दर्ज हैं।

## जंगल में लगी आग पर पाया काबू



संवाददाता

उत्तरकाशी। पुलिस ने जंगल में लगी आग पर काफी मशक्कत के बाद काबू पा लिया है। इससे किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई।

मिली जानकारी के अनुसार गत सांय पाटा संक्राली के पास जंगल में आग लगने की सूचना पर फायर सर्विस उत्तरकाशी तथा वन विभाग की टीम के द्वारा तुरन्त घटनास्थल पर पहुंचकर होजरील फैलाकर कडी मशक्कत के बाद आग पर काबू किया गया तथा आवासीय बस्तियों तक पहुंचने से रोका गया। आग पाटा गांव में बने लकडी के मकान व चैतन्य आश्रम के बेहद करीब पहुंच गयी थी। अग्नि से कोई जनहानि न हीं हुई।

# शराब का नशा और लूट का ड्रामा पड़ा भारी, पुलिस ने उतारा खुमार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। शराब के नशे में लूट होने का ड्रामा करना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बीती रात श्यामपुर पुलिस को सूचना मिली कि कार सवार एक व्यक्ति को बाइक सवार दो लुटेरों द्वारा लूट लिया गया है। जिसमे आरोपियों ने पीड़ित से 10 हजार की नगदी व दो मोबाइल लूटे है। मामले की गम्भीरता को देखते हुए जब पुलिस मौके पर पहुंची और कॉलर जयन्त मंमगई से पूछताछ की, तो वह अत्यधिक शराब के नशे में पाया गया और वह अपनी क्रेटा कार चला रहा था। पूछताछ के दौरान वह घटना के संबंध में विरोधाभासी बयान देने लगा। स्थानीय लोगों से पूछताछ और सख्ती से जांच करने पर पता चला कि लूट की कोई घटना हुई ही नहीं थी।



वहीं कालर ने स्वीकार किया कि उसने नशे की हालत में पुलिस को गुमराह करने के लिए झूठी सूचना दी थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण करा कर धारा 185 एम.वी. एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया। साथ ही घटना में प्रयुक्त कार को एम.वी. एक्ट के तहत सीज किया गया है।

# 36वां सड़क सुरक्षा माहः जागरुकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता

टिहरी। 36वें सडक सुरक्षा माह के अन्तर्गत पुलिस ने जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक उत्तराखण्ड एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक टिहरी गढ़वाल के निर्देशानुसार तथा क्षेत्राधिकारी यातायात के पर्यवेक्षण में "36वां सड़क सुरक्षा माह" के तहत् यातायात कार्यालय मुनि की रेती में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसडीआरएफ फ्लड टीम ढालवाला, मुनि की रेती द्वारा यातायात पुलिस कर्मियों एवं होमगार्ड जवानों (लगभग 50 कर्मियों) को सड़क दुर्घटना के दौरान थ्यतेज त्मेचवदकमत के रूप में की जाने वाली कार्यवाही एवं घायलों को दिए जाने वाले प्राथमिक उपचार की विस्तृत जानकारी दी गई। टीम द्वारा दुर्घटना के बाद "गोल्डन ऑवर" (दुर्घटना के तुरंत बाद का महत्वपूर्ण समय) का महत्व समझाते हुए बताया गया कि समय पर प्राथमिक उपचार और त्वरित अस्पताल पहुंचाना घायल व्यक्ति की जान बचाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। साथ ही सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने में पुलिस की भूमिका, घटनास्थल प्रबंधन, घायलों की सुरक्षित निकासी एवं एम्बुलेंस समन्वय के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया गया। चेकिंग अभियान भी चलाया गया, यातायात पुलिस द्वारा मुनि की रेती क्षेत्र में दुपहिया वाहनों पर मॉडिफाइड साइलेंसर का प्रयोग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाकर चालान की कार्यवाही की गई। वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने तथा सुरक्षित वाहन चलाने हेतु जागरूक किया गया।



# पुलिस ने चलाया चैकिंग अभियान

संवाददाता

टिहरी। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने सघन चैकिंग अभियान चलाकर संदिग्धों से पूछताछ की।

आज यहां वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जनपद में कानून–व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, अपराधों की रोकथाम, संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की जांच तथा यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने हेतु सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत जनपद के विभिन्न थाना/कोतवाली क्षेत्रों में निम्न स्थानों पर पुलिस टीमों द्वारा वाहन एवं होटल–ढाबा चेकिंग की गई। कोतवाली नई टिहरी पुलिस ने डाइजर क्षेत्र, बोराड़ी क्षेत्र तथा कोतवाली कैम्प्टी पुलिस ने मुख्य मार्गों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया तथा कोतवाली घनसाली पुलिस ने भैंसवाड़ा पुल क्षेत्र, थाना थत्यूड़, अलमस तिराहा,



थाना हिन्दोलाखाल पुलिस ने कस्बा क्षेत्र के साथ ही कोतवाली कीर्तिनगर पुलिस ने होटल एवं ढाबा चेकिंग अभियान, कोतवाली नरेंद्रनगर पुलिस ने कुसरेला क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई तथा वाहनों के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट/सीट बेल्ट एवं यातायात नियमों के पालन की जांच की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत आवश्यक कार्यवाही की गई एवं लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक भी किया गया। टिहरी पुलिस द्वारा यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने कक्षा का बहिष्कार कर दिया धरना

हरिद्वार(आरएनएस)। जगजीतपुर स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में छात्र-छात्राओं ने मांगों को लेकर धरना दूसरे दिन जारी रखा। मेडिकल के छात्र-छात्राओं ने कक्षा का बहिष्कार करते हुए कॉलेज के गेट पर मांगों को लेकर धरना दिया। छात्रों ने कहा कि कॉलेज प्रबंधन ने कुछ मांगों को लेकर आश्वासन दिया है लेकिन लैब के उपकरण, प्रोजेक्टर जैसी मुख्य मांगों पर कोई सकारात्मक आश्वासन नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रबंधन जब तक उनकी मुख्य मांगों को लेकर ठोस आश्वासन नहीं देता तब तक धरना जारी रहेगा। राजकीय मेडिकल कॉलेज में छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को लैब में आवश्यक उपकरणों की मांग, जलापूर्ति सुचारु करने, खराब पड़े प्रोजेक्टर को ठीक कराने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू किया था। मेडिकल छात्र-छात्राओं का धरना दूसरे दिन जारी रहा। नाम न छापने की शर्त पर छात्राओं ने बताया कि हॉस्टल के एक ब्लॉक में पानी की सुविधा उपलब्ध नहीं है। छात्रों को जूनियर छात्रों के हॉस्टल से पानी भरने को मजबूर होना पड़ रहा है। छात्रों का कहना है दूसरे वर्ष में प्रैक्टिकल शुरू हो चुके हैं लेकिन प्रैक्टिकल के लिए जरूरी उपकरण उपलब्ध नहीं हैं। इसका असर पढ़ाई पर पड़ रहा है। छात्रों का आरोप है कि कॉलेज प्रबंधन ने कुछ मांगों को जल्द पूरी करने का आश्वासन दिया है।

# हिंदी प्रचार-प्रसार में योगदान पर सार्वजनिक उपक्रम श्रेणी में भेल को तृतीय पुरस्कार

हरिद्वार(आरएनएस)। राजभाषा कार्यान्वयन और हिंदी के प्रचार-प्रसार में उल्लेखनीय योगदान के लिए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) हरिद्वार ने बीएचईएल हरिद्वार को वर्ष 2024-25 के लिए सार्वजनिक उपक्रम श्रेणी में तृतीय पुरस्कार प्रदान किया है। आईआईटी रुड़की में आयोजित नराकास की 41वीं अर्धवार्षिक बैठक में समिति अध्यक्ष एवं टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. अमर नाथ त्रिपाठी ने यह सम्मान बीएचईएल के अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) पार्थ सारथी गौडा, उप प्रबंधक (राजभाषा) शशि सिंह और राजभाषा अधिकारी योगेंद्र प्रसाद को प्रदान किया। बीएचईएल हरिद्वार के कार्यपालक निदेशक रंजन कुमार ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए इसे कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया और सभी को बधाई दी।

# राजकीय मेडिकल कॉलेज में 'ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स' शुरू

हल्द्वानी(आरएनएस)। राजकीय मेडिकल कॉलेज के स्किल सेंटर में बुधवार से तीन दिवसीय 'ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स' कार्यक्रम शुरू हुआ। इसमें चिकित्सकों को मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति में त्वरित और प्रभावी उपचार की उन्नत तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम में इमरजेंसी मेडिसिन विभाग और जेपीएनएटीसी, एम्स नई दिल्ली के विशेषज्ञ चिकित्सक बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं ट्रॉमा मैनेजमेंट की व्यावहारिक जानकारी दे रहे हैं। विशेषज्ञों ने बताया कि बेसिक लाइफ सपोर्ट ऐसी जीवनरक्षक प्रक्रिया है, जो सांस या हृदय गति रुकने की स्थिति में मस्तिष्क व अन्य अंगों तक ऑक्सीजन की आपूर्ति बनाए रखने में मदद करती है। प्रशिक्षण के दौरान कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन की तकनीक डमी मॉडल के माध्यम से सिखाई गई। विशेषज्ञों ने कहा कि हार्ट अटैक की स्थिति में पहला एक घंटा 'गोल्डन आवर' होता है, जिसमें सही और त्वरित उपचार से मरीज की जान बचाई जा सकती है। प्रशिक्षण में डॉ. बीएल मनीष कुमार, संगीता अफारिया, गीता सिन्हा सहित कई विशेषज्ञों ने भाग लिया। डॉ. एके सिन्हा, डॉ. एससी जोशी, डॉ. परमजीत सिंह, डॉ. राजीव सिंह, डॉ. रितु रखोलिया, डॉ. दीपा देउपा (नोडल ऑफिसर, स्किल सेंटर), डॉ. जहांआरा आदि उपस्थित रहे।

# होटलों में बोरिंग से पानी पहुंचाने की जांच को टीम गठित करने के निर्देश

नैनीताल(आरएनएस)। जल एवं स्वच्छता मिशन के जिला उपाध्यक्ष एवं मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की प्रगति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक भीमताल में हुई। सीडीओ ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को पेयजल आपूर्ति सुदृढ़ करने, योजनाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने व बोरिंग संबंधी मामलों की जांच के निर्देश दिए। सीडीओ अरविंद कुमार पांडे ने कहा कि कई होटलों में बोरिंग सीधे केंद्र सरकार की इकाई सीपीसीबी से अनुमति लेकर करने की जानकारी मिली है। इस पर एसडीएम, जल संस्थान, जल निगम के ईई की संयुक्त टीम बनाकर जांच के निर्देश दिए। साथ ही होटलों की ओर से लगाए गए बोरिंग से लोगों को भी पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। सीडीओ ने आगामी यात्रा सीजन एवं ग्रीष्मकाल को देखते हुए सभी मुख्य मार्गों, राष्ट्रीय राजमार्गों के निकट सार्वजनिक स्थलों, विद्यालयों, आगनबाड़ी केंद्रों, पंचायत भवनों एवं अस्पतालों में निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिशासी अभियंताओं को दिए।

# कुंभ 2027 के सभी स्थायी कार्य समय पर होंगे पूरे, गुणवत्ता की जांच आईआईटी रुड़की करेगा: सोनिका

हरिद्वार(आरएनएस)। कुंभ मेलाधिकारी सोनिका ने कहा कि कुंभ मेला 2027 से जुड़े सभी स्थायी प्रकृति के कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए थर्ड पार्टी जांच कराई जाएगी। इनमें आईआईटी रुड़की और अन्य मान्यता प्राप्त एजेंसियां शामिल होंगी।

यह बात उन्होंने प्रेस क्लब में आयोजित संवाद कार्यक्रम में कही। सोनिका ने बताया कि कुंभ मेला से संबंधित विभिन्न विकास कार्य लगभग 1224 करोड़ रुपये की लागत से होंगे। उन्होंने कहा कि सभी परियोजनाएं तय समय सीमा में पूरी कर ली जाएंगी। मेला क्षेत्र के सभी 32 सेक्टरों को व्यवस्थित और आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाने के लिए योजना तैयार कर ली गई है।

उन्होंने बताया कि कुंभ 2027 की तैयारियों के तहत करीब 220 करोड़ रुपये की लागत से सीवर लाइन, सड़क निर्माण, पुलों के निर्माण और नए घाटों के विकास के कार्य प्रारंभ कर दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त बहुउद्देश्यीय सीसीआर-2 परियोजना को शासन से स्वीकृति मिलते ही उसका निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा। पत्रकारों के सवालों पर सोनिका ने कहा कि रिकॉर्ड समय में इतने व्यापक कार्यों को पूरा करना चुनौती है।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि मेला अधिष्ठान में लोक निर्माण विभाग और सिंचाई विभाग के अलग-अलग खंड स्थापित हैं। इनमें समन्वय बेहतर हुआ है। कार्यों की गति तेज हुई है। उन्होंने कहा कि विभागीय तालमेल से चुनौतियों का समाधान किया जाएगा। हरकी पौड़ी से सटे कांगड़ा घाट विस्तार योजना के संबंध में उन्होंने बताया कि भूमि अधिग्रहण के लिए शासन को पत्रावली भेजी जा चुकी है। शासन स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि घाटों के विस्तार और सौंदर्यीकरण से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

सोनिका ने कहा कि कुंभ मेला की व्यवस्थाएं सभी अखाड़ों और साधु-संतों से परामर्श के बाद तय की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य है कि कुंभ 2027 न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि व्यवस्थाओं और विकास कार्यों के मानकों पर भी आदर्श आयोजन साबित हो।

## डीएम ने ली राजस्व अधिकारियों व कर्मचारियों की समीक्षा बैठक

गोपेश्वर। जिलाधिकारी गौरव कुमार ने कलेक्ट्रेट में राजस्व अधिकारियों और कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जब उन्होंने बदरीनाथ हाईवे स्थित पीपलकोटी नगर क्षेत्र में जीएसटी में पंजीकृत होटलों की संख्या पूछी तो जीएसटी अधिकारी जानकारी नहीं दे सके जिस पर डीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी केवल चालान तक सीमित न रहें बल्कि होटलों का अनिवार्य पंजीकरण सुनिश्चित करें। साथ ही चेतावनी दी कि शासकीय कार्य जिस स्तर पर लंबित मिलेंगे संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।डीएम ने लंबित विकास कार्यों, राजस्व वसूली, न्यायालय, थाना व तहसील स्तर के वादों की समीक्षा की। उन्होंने औली, बदरीनाथ, ज्योतिर्मठ सहित अन्य नगरों में चारधाम यात्रा से पहले होटलों का जीएसटी पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला पूर्ति अधिकारी को राशन डीलरों को अग्रिम खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने और गुणवत्ता जांच के निर्देश दिए गए। एसडीएम को राशन दुकानों का निरीक्षण, पुलिस व आबकारी को अवैध शराब पर संयुक्त अभियान, एसडीएम को पुलिस के साथ अवैध खनन रोकने और एआरटीओ को वाहनों की नियमित जांच के निर्देश दिए गए। बैठक में एसपी सुरजीत सिंह पंवार, एडीएम विवेक प्रकाश, एसडीएम राजकुमार पांडे सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# विकसित भारत की राम जी योजना की दी जानकारी

विकासनगर(आरएनएस)। ब्लॉक सभागार में केंद्र सरकार की विकसित भारत की राम जी योजना की क्षेत्रीय लोगों को जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि योजना के तहत पंजीकृत श्रमिकों को 125 दिन देने का प्रावधान किया गया है। उप कार्यक्रम अधिकारी अभिनव गुप्ता ने बताया कि सरकार के विजन के अनुरूप ग्रामीण आजीविका सुरक्षा और बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए यह योजना महत्वपूर्ण कारगर सिद्ध होगी। बेरोजगारों को रोजगार व महिलाओं को सशक्त करने के लिए अनेकों ऐसी योजनाएं जी राम जी योजना के साथ जोड़कर धरातल पर उतारी जाएगी। जिससे क्षेत्रीय गरीब जनता वह महिलाओं को गांव में ही रोजगार उपलब्ध हो सके। इस योजना का उद्देश्य स्थायी संपत्ति निर्माण, पारदर्शी डिजिटल प्रणाली और जल संरक्षण के माध्यम से गांवों को आत्मनिर्भर बनाना है। इस अवसर पर झूलों देवी, अनीता देवी, प्रमिला देवी, सुनीता नेगी, गीता देवी, अरविंद नेगी, संतराम, प्रमोद, विनोद, तुलसा देवी, रोशनी देवी आदि मौजूद रहे।

# मुफ्त का पानी गटक रहे विभागों और उपभोक्ताओं को नोटिस

नैनीताल (आरएनएस)। शहर में कई उपभोक्ता पानी तो पी रहे हैं, मगर बिल चुकाने को तैयार नहीं है। इनमें सबसे ऊपर सरकारी विभाग हैं। उपभोक्ताओं पर जल संस्थान का कुल 4.37 करोड़ रुपये का बकाया है। इन सभी को जल संस्थान ने नोटिस जारी किए हैं। जल संस्थान से मिली जानकारी के अनुसार, नगर पालिका पर पानी के बिल का सर्वाधिक करीब 90 लाख रुपये और बीडी पांडे जिला अस्पताल पर 70 लाख रुपये का बकाया है। इसके अलावा रैमजे हॉस्पिटल पर 60 लाख रुपये, लोनिवि पर 27 लाख रुपये, लोनिवि प्रांतीय खंड पर 18 लाख रुपये की देनदारी है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर 25 लाख और ऊर्जा निगम पर 19 लाख रुपये का बकाया है। इसके साथ ही अन्य विभागों और शहरवासियों का भी पानी के बिल का भुगतान लंबित है। जल संस्थान ने सभी उपभोक्ताओं से जल्द बकाया बिल जमा करने की अपील की है। जल संस्थान के जेई गजेंद्र सिंह मुनौला ने बताया, कि बिल के भुगतान के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। 31 मार्च तक बिल का भुगतान करना अनिवार्य है। अन्यथा की स्थिति में पानी के कनेक्शन काटने की कार्यवाही की जाएगी।

# भवाली के रेहड़ में डीडीए और पुलिस का विरोध, चार मकान सील

नैनीताल(आरएनएस)। क्षेत्र की नाबालिग से दुष्कर्म के बाद गर्भवती होने का मामला सामने आने के बाद से लोगों का आक्रोश है। जहां एक पक्ष रेहड़-टमट्यूड़ा क्षेत्र में बाहरी लोगों के सत्यापन कराने की मांग पर अड़ा है वहीं, दूसरा पक्ष सत्यापन की कार्रवाई पर सवाल उठा रहा है। रेहड़ क्षेत्र में जिला विकास प्राधिकरण की टीम जैसे ही जांच को पहुंची, लोगों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। जिससे कुछ देर तक माहौल तनावपूर्ण बना रहा। इस बीच प्राधिकरण की टीम ने नियमविरुद्ध बन रहे चार मकानों को सील कर दिया। डीडीए सचिव विजयनाथ शुक्ला ने बताया कि प्राधिकरण ने पूर्व में ही रेहड़ क्षेत्र में अवैध निर्माण करने वालों को नोटिस जारी किए हैं। टीम जांच को पहुंची। इस बीच चार मकानों को सील करने की कार्रवाई की गई। टमट्यूड़ा में अवैध तरीके से भूमि की खुदाई करने पर संबंधित व्यक्ति पर जुर्माना लगाया गया। रेहड़ में सभासद सपना कुमारी और समाजसेवी शीलू कुमार के नेतृत्व में लोगों ने मौके पर पहुंचकर विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण की टीम पहले भी कई बार क्षेत्र में आ चुकी है। यदि कोई वैधानिक कार्रवाई करनी है, तो शांतिपूर्वक की जाए। भारी पुलिस बल के साथ पहुंचना गलत संदेश देता है और इससे क्षेत्र का माहौल खराब होता है। कहा कि वार्ड में माहौल को देखते हुए सभासद को सूचना मिलनी चाहिए, जिससे लोगो को कार्रवाई के बारे में बताया जा सके। कहा कि वे उचित कार्रवाई का सहयोग करते हैं, पर अनावश्यक दबाव और भय का वातावरण स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि क्षेत्र का माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई तो वे खुलकर विरोध करेंगे। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय माहौल तनावपूर्ण बना रहा। हालांकि, इस बीच प्राधिकरण की टीम अपनी कार्रवाई कर लौट गई।



# चेहरे पर सीरम लगाने से मिल सकते हैं ये 5 फायदे, जानिए कैसे

चेहरे की देखभाल के लिए लोग कई तरह की चीजों का इस्तेमाल करते हैं, जिनमें से एक है फेस सीरम। यह एक खास प्रकार का त्वचा देखभाल उत्पाद है, जिसमें विटामिन, एंटी-ऑक्सीडेंट्स और नमी देने वाले तत्व होते हैं। यह त्वचा को गहराई से पोषण देता है और उसे स्वस्थ रखता है। आइए जानते हैं कि फेस सीरम को त्वचा देखभाल रूटीन में शामिल करने से क्या-क्या फायदे हो सकते हैं।

त्वचा को प्रदान कर सकता है गहराई से पोषण- फेस सीरम में मौजूद खास तत्व त्वचा की गहराई तक पहुंचकर उसे पोषण देते हैं। यह न केवल ऊपर से बल्कि अंदर से भी त्वचा को स्वस्थ बनाता है। इसके लिए आप विटामिन-सी या विटामिन-ई वाले सीरम का चयन कर सकते हैं। ये विटामिन्स त्वचा को चमकदार बनाते हैं और उसे नमी प्रदान करते हैं, जिससे आपकी त्वचा ताजगी भरी महसूस होती है। इस प्रकार फेस सीरम आपकी त्वचा को गहराई से पोषण देता है।

उम्र बढ़ने के लक्षणों को कम करने में है सहायक- फेस सीरम में उम्र बढ़ने के



लक्षणों को कम करने वाले गुण होते हैं, जो झुर्रियों, महीन रेखाओं और त्वचा की कसावट को कम करने में मदद करते हैं। नियमित रूप से फेस सीरम का उपयोग करने से आपकी त्वचा युवा और ताजगी भरी दिखेगी। इसके एंटी-ऑक्सीडेंट्स आपकी त्वचा को हानिकारक तत्वों से बचाते हैं, जो उम्र बढ़ाने में योगदान करते हैं। इस प्रकार फेस सीरम आपकी त्वचा को स्वस्थ और युवा बनाए रखने में मदद करता है।

दाग-धब्बों को हल्का करने में है प्रभावी- अगर आपके चेहरे पर दाग-धब्बे हैं तो फेस सीरम उनका इलाज करने में मदद कर सकता है। विटामिन-सी वाले सीरम विशेष रूप से इस काम में प्रभावी होते हैं क्योंकि ये दाग-धब्बों को हल्का करते हैं और रंगत को समान बनाते हैं। इसके अलावा यह त्वचा की चमक भी बढ़ाता है, जिससे आपका चेहरा ताजगी भरा और साफ-सुथरा दिखता है। नियमित उपयोग से आपको अपने चेहरे में बड़ा अंतर नजर आएगा।

नमी बनाए रखने में है मददगार- फेस सीरम आपकी त्वचा को गहराई तक नमी प्रदान करता है, जिससे त्वचा सूखी नहीं होती और उसमें चिपचिपाहट भी नहीं आती। यह विशेष रूप से उन लोगों के लिए फायदेमंद होता है, जिनकी त्वचा रूखी या बेजान होती है। इसके नियमित उपयोग से आपकी त्वचा मुलायम और नमीयुक्त रहती है। इसके अलावा यह त्वचा की प्राकृतिक नमी को भी बनाए रखने में मदद करता है, जिससे आपकी त्वचा ताजगी भरी और स्वस्थ दिखती है।

सूरज की हानिकारक किरणों से बचाने में है सहायक- फेस सीरम सूरज की हानिकारक किरणों से होने वाले नुकसान से बचाने में भी मदद करता है। इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स सूरज की हानिकारक किरणों से होने वाले नुकसान से बचाव करते हैं। इसलिए यह जरूरी है कि आप अपने त्वचा देखभाल रूटीन में फेस सीरम को शामिल करें। इस प्रकार फेस सीरम कई प्रकार के लाभ प्रदान करता है, जो आपकी त्वचा को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# चीन के साथ भारत का रिश्ता नफरत और जरुरत का

हरिशंकर व्यास

नफरत और प्यार का रिश्ता बहुत सुना गया होगा लेकिन चीन के साथ भारत का रिश्ता नफरत और जरुरत का है। चीन से नफरत भी है और उसकी जरुरत भी है। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने राहुल गांधी के चीन के राजदूत से मिलने की घटना को आसमान टूट पड़ने जैसी घटना माना था। उसके लिए पूरी कांग्रेस पार्टी को देशद्रोही ठहराया गया। कांग्रेस पार्टी और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी यानी सीपीसी के साथ एक एमओयू साइन हुआ था, जिसे लेकर भाजपा ने बड़ा नैरेटिव खड़ा किया। लेकिन अब खुद भाजपा नेता चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के प्रतिनिधिमंडल से मिले हैं। भाजपा के विदेश प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विजय चौथाईवाला ने यह मुलाकात तय कराई और पार्टी मुख्यालय में महासचिव अरुण सिंह के साथ दूसरे नेता सीपीसी के प्रतिनिधिमंडल से मिले।

भाजपा के नेता यह कह कर फेस सेविंग कर रहे हैं कि चीन के डेलिगेशन से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा या कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन नहीं मिले या पार्टी के दोनों सर्वोच्च नेता नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने मुलाकात नहीं की, जबकि कांग्रेस में खुद राहुल गांधी मिले थे। लेकिन यह बचाव का तर्क नही हो सकता है। जैसे ही भाजपा नेताओं से सीपीसी डिलेगेशन के मिलने की तस्वीरें सामने आईं वैसे ही सन्नाटा खींच गया। सोशल मीडिया में भाजपा का पूरा इकोसिस्टम खामोश हो गया। इस बीच दो चार लोगों ने हिम्मत करके सवाल उठाया और दबी जुबान में कहा कि यह अच्छा नहीं हुआ। भाजपा नेताओं से मुलाकात के बाद सीपीसी का डेलिगेशन आरएसएस कार्यालय में संघ के नंबर दो पदाधिकारी दत्तात्रेय होसबाले से मिला। हालांकि उसकी फोटो नहीं जारी की गई। बाद में भारत की तीनों कम्युनिस्ट पार्टियों से सीपीसी के प्रतिनिधिमंडल के मिलने की खबर भी आई।

अब सवाल है कि जिस समय चीन अरुणाचल प्रदेश में जन्मे भारतीय मूल के लोगों को अपने हवाईअड्डों पर रोक कर पासपोर्ट अवैध बता रहा है या अरुणाचल प्रदेश को भारत का अभिन्न अंग बताने वाले यूट्यूबर्स को रोक कर प्रताड़ित कर रहा है, शक्सगाम घाटी में निर्माण कार्य कर रहा है और उसे चीन का हिस्सा बता रहा है उसके प्रतिनिधिमंडल के साथ भाजपा की दोस्ती दिखाने का क्या मतलब है? सरकारी स्तर पर दोनों देशों के बीच संबंध सुधर गए हैं। मोदी और शाह ने व्यापार की खातिर गलवान घाटी में शहीद हुए २० जवानों का घाव भुला दिए है। प्रधानमंत्री मोदी की बहुपक्षीय मंचों पर शी जिनपिंग से मुलाकात हुई है तो भारत के रक्षा और विदेश मंत्री दोनों ने चीन का दौरा किया है। लेकिन पार्टी टू पार्टी यानी भाजपा और सीपीसी के नेताओं की मुलाकात या संघ और सीपीसी की मुलाकात का क्या मतलब है?

कहा जा रहा है कि एक दूसरे की कार्यप्रणाली को समझने की कोशिश इस मुलाकात का मकसद थी। जाहिर है कि चीन को भारत से लोकतांत्रिक प्रणाली सीखने में कोई दिलचस्प नहीं होगी तो क्या भारतीय जनता पार्टी यह सीखने की कोशिश कर रही थी कि भारत में भी कैसे चीन की तरह एकदलीय व्यवस्था लागू हो सकती है? चीन की कम्युनिस्ट पार्टी इसके अलावा भाजपा या किसी भी पार्टी को और क्या सीखा सकती है? वहां एकदलीय व्यवस्था है। कम्युनिस्ट पार्टी ही सरकार है और सरकारी ही पार्टी है। दूसरी बात यह है कि कोई भी नेता पार्टी और सरकार के खिलाफ नहीं बोल सकता है। सर्वोच्च नेता शी जिनपिंग हैं और उनकी हर बात का समर्थन करना सिर्फ पार्टी के नेताओं का ही नहीं, बल्कि चीन की जनता का भी पुनीत कर्तव्य है। भारत में भी पार्टी और सरकार को तो एक कर दिया गया है और यहां भी मोदी और शाह के खिलाफ बोलने को देशद्रोह माना जाने लगा है लेकिन एक बाधा विपक्ष की है। विपक्ष अब भी मजबूत है और उसके नेता भाजपा को जवाबदेह बनाने की कोशिश करते रहते हैं। तभी हो सकता है कि सीपीसी से भाजापा ने इस मामले में कुछ टिप्स लिए हों।

इस मुलाकात के कारणों पर विचार करने पर ऐसा लगता है कि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं से मिलने की मजबूरी भी हो सकती है। असल में भारत लगभग पूरी तरह से चीन पर आश्रित हो गया है। रोजमर्रा की जरुरत की चीजों से लेकर कृषि सेक्टर के उपकरणों, सेमीकंडक्टर सहित ऑटोमोबाइल सेक्टर के दूसरे कंपोनेंट, आईटी सेक्टर के उपकरण, दवाओं के लिए जरूरी कंपोनेंट आदि सब चीन से आता है। चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा 116 अरब डॉलर यानी 15 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया है। फिर भी चीन के साथ कारोबार करने की मजबूरी है। यह मजबूरी कैसी है इसे इस एक तथ्य से समझें कि भारत ने चीन के मांझे पर रोक लगाई है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के राज्य गुजरात में मकर संक्रांति पर पतंगोत्सव के दौरान चीनी मांझे से गला कटने की वजह से नौ लोगों की मौत हो गई। सोचें, जिस पर पाबंदी है वह माल भी चीन से आ रहा है और खुलेआम भारत में बिक रहा है। अगर चीनी मांझे से गला कटने से होने वाली मौतों का देश भर का आंकड़े देखें तो गुजरात से वाराणसी तक मरने वालों की संख्या और बड़ी हो जाएगी। बहरहाल, भारत की मजबूरी है कि वह चीन के साथ अच्छे संबंध रखे अन्यथा वह रेयर अर्थ मैटेरियल देना बंद कर देगा तो भारत क्या करेगा? हो सकता है कि मुलाकात इस मजबूरी में हुई हो।

लेकिन इस मजबूरी की मुलाकात को एक दूसरा रुप भी दिया जा सकता है। इस बात की चर्चा शुरू हो गई है कि भारत ने अमेरिका को मैसेज देने के लिए चीन के प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात भाजपा और संघ के नेताओं से कराई। ध्यान रहे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस बात पर चिंता जता चुके हैं कि वे रूस और चीन के हाथों भारत को गंवा चुके हैं। इस धारणा को बदलने या ठीक करने के लिए ही भारत में नियुक्त राजदूत सर्जियो गोर ने कहा कि अमेरिका के लिए भारत से जरूरी कोई नहीं है। लेकिन जिस दिन गोर ने यह बात कही उसी दिन चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से भाजपा नेताओं की मुलाकात की तस्वीरें आईं।

## शब्द सामर्थ्य -071

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भूत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | ■ | 6 | 7 |
| ■ | 8 | 9 | | | | ■ | ■ | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | 13 | ■ |
| 14 | | ■ | 15 | ■ | ■ | 16 | | 17 |
| | ■ | 18 | | 19 | 20 | ■ | 21 | |
| 22 | | | ■ | 23 | | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ | 24 | 25 | |
| 26 | | | | ■ | 27 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 28 | | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 70 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | वा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

# अस्सी से सामने आई तापसी पन्नू की खौफनाक झलक

बॉलीवुड की थ्रिलर क्वीन तापसी पन्नू फिर दर्शकों की सांसें थामने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उनकी आने वाली फिल्म अस्सी का पहला मोशन पोस्टर रिलीज कर दिया गया है, जो देखते ही देखते इंटरनेट पर वायरल हो गया है। इस पोस्टर में तापसी का एक ऐसा अवतार सामने आया है, जो डर, तनाव और जीने की तड़प को बयां कर रहा है। इस फिल्म के जरिए तापसी ने एक बार फिर निर्देशक अनुभव सिन्हा से हाथ मिलाया है।

पोस्टर में तापसी बदहवास होकर अपनी जान बचाने के लिए भागती नजर आ रही हैं। उनके चेहरे पर छाई चिंता और बैकग्राउंड का म्यूजिक साफ इशारा कर रहा है कि ये फिल्म एक जबरदस्त सर्वाइवल थ्रिलर होने वाली है। तापसी का किरदार एक ऐसी स्थिति में फंसा हुआ है, जहां हर सेकेंड मौत का साया उनके पीछे है। उनके दौड़ने का अंदाज बताता है कि ये सिर्फ एक रेस नहीं, बल्कि उनके जीवन की सबसे कठिन जंग है।

तापसी ने सोशल मीडिया पर पोस्टर साझा कर लिखा, बहुत समय हो गया... इसे सामान्य माने हुए बहुत समय बीत गया... मिलते हैं कोर्ट में 20 फरवरी को... मेरा मतलब है सिनेमाघरों में। तापसी के इस पोस्ट से जाहिर है कि फिल्म की कहानी किसी कानूनी लड़ाई, सामाजिक अन्याय या किसी ऐसे अपराध से जुड़ी है, जो समाज में सामान्य हो गया है। पोस्टर में धड़कनें तेज कर देने वाला संगीत मन में डर के साथ-साथ उत्सुकता पैदा करता है।

तापसी और निर्देशक अनुभव सिन्हा की जोड़ी ने अस्सी से पहले दर्शकों को ऐसी फिल्में दी हैं, जिन्होंने न सिर्फ समीक्षकों का दिल जीता, बल्कि समाज को आईना दिखाने का काम भी किया है। साल 2018 में तापसी और अनुभव फिल्म मुल्क के लिए साथ आए थे और साल 2020 में उनकी बेहतरीन फिल्म थप्पड़ रिलीज हुई थी। अब एक्टर और डायरेक्टर की ये जोड़ी अस्सी के जरिए सिनेमाघरों में धमाल मचाने को तैयार हैं।

अस्सी के धमाके के साथ-साथ तापसी के पास फिलहाल एक से बढ़कर एक फिल्में हैं। उनकी फिल्म गांधारी की शूटिंग पूरी हो चुकी है, जिसकी निर्देशक और लेखिका कनिका ढिल्लों हैं। अनुभव और तापसी की जोड़ी अपनी कल्ट क्लासिक फिल्म मुल्क का सीक्वल लेकर आ रही है। मुल्क 2 में एक बार फिर सामाजिक न्याय और कड़वे सच की कहानी दिखाई जाएगी। इसके अलावा फिर आई हसीन दिलरूबा और वो लड़की है कहां भी तापसी के खाते में हैं।

# श्री विष्णु की अगली फिल्म का शीर्षक विष्णु विन्यासम है

मनोरंजन के बादशाह श्री विष्णु, जो अपनी अनूठी पसंद और दमदार मनोरंजन के लिए जाने जाते हैं, तेलुगु सिनेमा में अपना अलग ही मुकाम बनाए हुए हैं। फिलहाल वे श्री सुब्रह्मण्येश्वर सिनेमाज बैनर के तहत बन रही एक और अनूठी मनोरंजक फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन पहली बार निर्देशक बने यदुनाथ मारुति राव कर रहे हैं और इसका निर्माण सुमंत नायडू जी कर रहे हैं। यह बैनर कंपनी की तीसरी फिल्म है। हेमा और शालिनी इस प्रोजेक्ट की मुख्य भूमिका में हैं, जबकि साई कृष्णा बोब्बा और रामाचारी एम सह-निर्माता के रूप में जुड़े हैं। फिल्म निर्माताओं ने आज एक एनिमेशन वीडियो के जरिए फिल्म के शीर्षक की घोषणा की, जिसमें फिल्म की पृष्ठभूमि भी दिखाई गई है।

फिल्म निर्माताओं ने आज एक स्टाइलिश एनिमेटेड वीडियो के माध्यम से फिल्म के शीर्षक का अनावरण किया, जिसमें इसके बैकग्राउंड की झलक भी मिलती है। शहरी परिवेश में फिल्माए गए इस वीडियो में श्री विष्णु को एक खास पीले रंग की मोटरसाइकिल पर शहर में तेजी से घूमते हुए दिखाया गया है, जो तुरंत ही फिल्म का मिजाज तय कर देता है। फिल्म का नाम दिलचस्प ढंग से विष्णु विन्यासम रखा गया है, जो अभिनेता के विलक्षण पर्दे के व्यक्तित्व को बखूबी दर्शाता है। उनकी अनोखी हरकतों और खास हास्य को उजागर करते हुए, शीर्षक का अनावरण आकर्षक टैगलाइन, नो ब्रेक्स - जस्ट लाफ्स के साथ किया गया है। वीडियो में एक चंचल वॉयसओवर के साथ उत्सुकता और बढ़ जाती है, जिसमें कहा गया है, इतिहास, अंकशास्त्र, ज्योतिष, सब कुछ उनके लिए ही बनाया गया था, जो एक अविस्मरणीय नायक द्वारा संचालित एक मजेदार और मनोरंजक सफर का संकेत देता है। राधान का संगीत हास्य को और भी बढ़ाता है।

फिल्म में नयना सारिका मुख्य महिला किरदार निभा रही हैं, और इसमें सत्य, ब्रह्माजी, प्रवीण, मुरली शर्मा, श्रीकांत अय्यंगर, सत्यम राजेश, श्रीनिवास वदलमणि और गोपराजू रमना जैसे दमदार कलाकार शामिल हैं। इस प्रोजेक्ट में एक अनुभवी तकनीकी टीम है, जिसमें साई श्रीराम ने कैमरा संभाला है, राधान ने संगीत दिया है, ए रामंजनयुलु ने कला निर्देशन किया है और कार्तिकेयन रोहिणी ने संपादन की देखरेख की है।

फिल्म निर्माण की बात करें तो, फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। सिर्फ दो गानों की शूटिंग बाकी है और फिल्म लगभग पूरी होने वाली है। फिल्म निर्माताओं ने टाइटल ग्लिम्फ के जरिए यह भी पुष्टि की है कि फिल्म इस माह सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# श्रीमंथुडू है श्रुति हासन के करियर की सबसे सफल फिल्म



अभिनेत्री और गायिका श्रुति हासन 39 साल की हो गई हैं। कमल हासन की विरासत को अपनी मेहनत और प्रतिभा से आगे बढ़ाने वाली श्रुति ने न केवल दक्षिण भारतीय फिल्मों में, बल्कि बॉलीवुड में भी अपनी एक अलग पहचान बनाई है। आज हम आपको बताएंगे उनकी उस फिल्म के बारे में, जो न केवल बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही, बल्कि आईएमडीबी पर भी सबसे ज्यादा रेटिंग के साथ दर्शकों और समीक्षकों की पहली पसंद बनी हुई है।

श्रुति ने अपने करियर में कई उतार-चढ़ाव देखे, लेकिन साल 2015 में आई श्रीमंथुडू ने उन्हें लोकप्रियता के शिखर पर पहुँचा दिया। कोरतल्ला शिवा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में श्रुति ने न केवल अपनी खूबसूरती, बल्कि अपने संजीदा अभिनय से भी लोगों को प्रभावित किया। इस फिल्म को आईएमडीबी पर 7.5 रेटिंग मिली है, जो किसी भी कमर्शियल मसाला फिल्म के लिए बहुत प्रभावशाली मानी जाती है। इतनी रेटिंग श्रुति की किसी भी फिल्म को नहीं मिली है।

फिल्म में श्रुति द्वारा निभाए गए चारुसीला के किरदार को काफी सराहा गया। समीक्षकों ने महेश बाबू के साथ उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को फिल्म की जान बताया। गांव को गोद लेने और अपनी जड़ों से जुड़ने की इस भावनात्मक एक्शन ड्रामा फिल्म ने दर्शकों के दिलों को छू लिया। इसने श्रुति को वो मुकाम दिया, जहां से उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। फिल्म में उन्होंने एक ऐसी लड़की की भूमिका निभाई, जो स्वतंत्र, शिक्षित और मजबूत विचारों वाली है।

श्रीमंथुडू 2015 की सबसे कमाऊ फिल्मों में से एक थी। इसने दुनियाभर में 200 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की थी। उस समय के हिसाब से ये एक अविश्वसनीय आंकड़ा था। जिस दौर में बाहुबली: द बिगिनिंग ने पूरे भारत में तहलका मचा रखा था, उसी साल रिलीज हुई श्रीमंथुडू ने अपना अलग मुकाम बनाया। ये बाहुबली के बाद तेलुगू सिनेमा के इतिहास की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई थी। फिल्म का बजट 60 करोड़ था। नंदी पुरस्कार से लेकर फिल्मफेयर पुरस्कार तक जीतने वाली इस फिल्म ने श्रुति की फिल्मावली में चार चांद लगा दिए थे। श्रुति की आने वाली फिल्मों की बात करें तो प्रभास के साथ सालार की सफलता के बाद श्रुति अब इसके दूसरे भाग सालार: पार्ट 2 - शौर्यांग पर्व में अपनी भूमिका को आगे बढ़ाएंगी। उनके पास थ्रिलर फिल्म ट्रेन भी है, जिसमें उनके साथ अभिनेता विजय सेतुपति नजर आएंगे। इस फिल्म की कहानी ट्रेन यात्रा के इर्द-गिर्द घूमती है।

# अंकिता लोखंडे ने उषा नाडकर्णी को बताया रॉकस्टार



साउथ सिनेमा के सुपरस्टार विजय सेतुपति की फिल्म गांधी टॉक्स सिनेमाघरों में हुई रिलीज। यह एक साइलेंट फिल्म है, जिसमें कोई डायलॉग नहीं है। फिल्म में एआर रहमान का म्यूजिक है, जो कहानी के उतार-चढ़ाव को जीवंत करेगा। फिल्म में मराठी और हिंदी सिनेमा की वरिष्ठ कलाकार उषा नाडकर्णी भी हैं। उन्हें फिल्म में काम करते देख उनकी पुरानी को-स्टार और पवित्र रिश्ता फेम अभिनेत्री अंकिता लोखंडे भावुक हो गईं। अंकिता ने अपने इंस्टाग्राम पर उषा नाडकर्णी का एक वीडियो शेयर करते हुए उनके प्रति अपना सम्मान और प्यार व्यक्त किया। अंकिता उन्हें प्यार से आई (मां) कहकर बुलाती हैं। उन्होंने अपनी पोस्ट में उषा जी की जमकर तारीफ की और उन्हें एक रॉकस्टार बताया। अंकिता ने लिखा, आई, आप वास्तव में एक रॉकस्टार हैं और हर तरह से हम सभी के लिए प्रेरणादायक हैं। आपसे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। आप आज भी अपने काम के प्रति जुनूनी, समर्पित और विनम्र हैं। आपकी ईमानदारी और सादगी को मेरा सलाम है। मुझे आपसे बहुत प्यार है।

बता दें कि अंकिता और उषा ने टीवी सीरियल पवित्र रिश्ता में साथ में काम किया था। इसमें उषा ने अंकिता की सास का रोल निभाया था। यह सीरियल 2009 में ऑन एयर हुआ था, जिसमें अंकिता लोखंडे और दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत ने अर्चना और मानव के रूप में लीड रोल निभाया था।

किशोर पांडुरंग द्वारा निर्देशित फिल्म गांधी टॉक्स में विजय सेतुपति के अलावा अरविंद स्वामी, अदिति राव हैदरी, सिद्धार्थ जाधव और महेश मांजरेकर भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

गांधी टॉक्स फिल्म एक बेरोजगार की कहानी है, जिसे पड़ोसन अदिती राव से प्यार हो जाता है। एआर रहमान के दमदार संगीत और सेतुपति, स्वामी और अदिति के शानदार अभिनय ने ज्यादा आकर्षक बना दिया है।

# विद्यार्थियों को करियर व साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

अल्मोड़ा(आरएनएस)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा देवेन्द्र पींचा के निर्देशों के तहत जनपद में साइबर सुरक्षा और नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम लगातार संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को राजकीय इंटर कॉलेज झिमार में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। थानाध्यक्ष भतरौजखान अवनीश कुमार के नेतृत्व में प्रभारी चौकी भिकियासैंण संजय जोशी ने छात्राओं को करियर संबंधी जानकारी दी। इस दौरान विभिन्न सरकारी सेवाओं, प्रतियोगी परीक्षाओं, पुलिस भर्ती, सूचना प्रौद्योगिकी, कौशल विकास, स्वरोजगार तथा अन्य रोजगार अवसरों पर विस्तार से चर्चा की गई। विद्यार्थियों को पढ़ाई की प्रभावी रणनीति और समय प्रबंधन के महत्व से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में ऑनलाइन ठगी से बचाव, सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग और नशा-मुक्त जीवन के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। सड़क सुरक्षा माह अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों और विद्यालय स्टाफ को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए दैनिक जीवन में नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को मानस हेल्पलाइन 1933, डायल 112, महिला हेल्पलाइन 1०9०, चाइल्ड हेल्पलाइन 1०98 और आपदा हेल्पलाइन 1०7० की जानकारी भी दी। अधिकारियों ने कहा कि किसी भी समस्या की स्थिति में बिना संकोच पुलिस से संपर्क किया जाए।

# पुरानी उत्तरी गंग नहर किसानों के लिए बनेगी संजीवनी

हरिद्वार(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग किसानों को राहत देने की तैयारी में जुट गया है। आगामी सिंचाई सीजन को देखते हुए विभाग ने पुरानी उत्तरी गंग नहर की सफाई, सुदृढ़ीकरण और मरम्मत कार्य तेज कर दिया है। नहर के तटबंधों की मजबूती के साथ वर्षों से जमी सिल्ट हटाई जा रही है ताकि खेतों तक पर्याप्त पानी पहुंचाया जा सके। सिंचाई सीजन के दौरान किसानों को फसलों के लिए अत्यधिक पानी की आवश्यकता होती है। इसे ध्यान में रखते हुए विभाग ने पुरानी नहरों को दोबारा चालू करने की योजना पर काम शुरू किया है। अधिशासी अभियंता विकास त्यागी ने बताया कि वर्तमान में नई गंगनहर से करीब छह हजार क्यूसेक पानी प्रवाहित किया जा रहा है, लेकिन गर्मियों में पानी की मांग कई गुना बढ़ जाती है। ऐसे में नई नहर पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। उन्होंने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए पुरानी उत्तरी गंगनहर में लगभग चार हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा। इससे किसानों को सिंचाई के लिए निर्बाध पानी मिलेगा। नई नहर पर भार भी कम होगा। अधिशासी अभियंता ने कहा कि पुरानी कच्ची नहरों में पानी चलने से केवल किसान ही नहीं बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को भी लाभ मिलेगा। नहरों में पानी आने से भूजल स्तर में सुधार होगा। यह पेयजल व्यवस्था के लिए अहम है। इसके साथ पुरानी नहर के संचालन से नई नहरों को अस्थायी रूप से बंद कर मरम्मत और रखरखाव का कार्य भी किया जा सकेगा।

## सू- दोकू क्र.071

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 70 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | [illegible] | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

# चमियाला-घनसाली के बीच मार्च से शुरू होगी पहली सिटी बस सेवा

नई टिहरी(आरएनएस)। नगर पंचायत चमियाला क्षेत्र के लोगों के लिए खुशखबरी है। आगामी मार्च से नगर पंचायत पहली बार सिटी बस सेवा शुरू करने जा रही है। सिटी बस सेवा शुरू होने से चमियाला से रोजाना घनसाली आने-जाने वाले कर्मचारियों, स्थानीय लोगों और बालगंगा महाविद्यालय सेंदुल के छात्र-छात्राओं को आवागमन की सुविधा मिलेगी। नगर पंचायत बोर्ड के गठन का एक वर्ष पूरा होने पर चमियाला में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में नगर पंचायत की ओर से कई नई योजनाएं संचालित की जा रही है। लंबे समय से परिवहन सुविधा के अभाव से जूझ रहे क्षेत्रवासियों को अब सिटी बस सेवा की सौगात मिलने जा रही है। घनसाली से चमियाला के बीच नियमित सिटी बस संचालन की तैयारी शुरू हो गई है। आगामी मार्च से इसे शुरू करने की योजना है। नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद सिंह राणा ने बताया कि सिटी बस सेवा के लिए विधायक शक्ति लाल शाह ने विधायक निधि से धनराशि की स्वीकृति दी है। सिटी बस रोजाना चमियाला से घनसाली तक संचालित की जाएगी।

घनसाली ब्लॉक और तहसील मुख्यालय होने के कारण दोनों स्थानों के बीच आवागमन लगातार बना रहता है। चारधाम यात्रा सीजन के दौरान मई से जुलाई तक बसों और जीप-टैक्सियों की कमी के कारण स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए शहरी विकास विभाग की ओर से नगर पंचायत को दो नए कूड़ा वाहन भी जल्द मिलने वाले हैं। वर्तमान में उपलब्ध कूड़ा वाहन पुराने हो चुके हैं और बार-बार खराब होने से कूड़ा उठान प्रभावित होता है। नए वाहनों के आने से कूड़ा निस्तारण व्यवस्था में सुधार की उम्मीद है। वार्ड नंबर छह में 1.24 करोड़ रुपये की लागत से रजत जयंती पार्क का निर्माण भी किया जा रहा है। पार्क में बच्चों के लिए झूले, चरखी और अन्य खेल उपकरण लगाए जाएंगे। बुजुर्गों के बैठने के लिए चेयर व विश्राम की सुविधा उपलब्ध रहेगी। अध्यक्ष राणा ने कहा कि नगर पंचायत का प्रयास है कि क्षेत्रवासियों को बुनियादी सुविधाएं चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध कराई जाएं। अन्य विकास योजनाओं पर भी काम तेजी से किया जाएगा।

## थराली के रतगांव में शराब के प्रचलन पर महिलाओं ने लगाई रोक

चमोली(आरएनएस)। थराली विकासखंड के रतगांव में महिलाओं ने बैठक कर शराब के प्रचलन पर रोक लगाने का निर्णय लिया। साथ ही गांव में रैली निकालकर शराब के नुकसान, नशे से दूर रहने के लिए जागरूकता रैली भी निकाली। कहा कि यदि कहीं शराब परोसी गई तो 1० से 21 हजार तक का जुर्माना लिया जाएगा। रतगांव में ग्राम प्रधान दीपा देवी, महिला मंगल दल अध्यक्ष रेखा देवी और निर्वतमान महिला मंगल दल अध्यक्ष खिलेश्वरी देवी के नेतृत्व में आयोजित हुई बैठक में महिलाओं ने कहा कि गांवों में आयोजित होने वाले सामाजिक समारोहों में शराब के प्रचलन को प्रतिबंधित किया जाएगा। कहा गया कि सामाजिक कार्यों में शराब के प्रचलन से युवा पीढ़ी पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। यही नहीं गांव का सामाजिक ताना बाना, और पारिवारिक माहौल भी खराब हो रहा है। कई बार नशे की हालात विवाद का कारण भी बन रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप फर्स्वाण ने बताया कि महिलाओं ने शराब परोसने, बेचने आदि के मामले में पकड़े जाने पर 1० से 21 हजार का जुर्माना किए जाने का निर्णय लिया है। इस दौरान महिलाओं ने गांव में रतगांव सड़क पर जागरूकता रैली भी निकाली। ग्रामीणों ने महिलाओं के इस प्रयास की सराहना करते हुए समर्थन दिया।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनकर तैयार, सेवाओं के लिए 31 मार्च तक का इंतजार

नई टिहरी(आरएनएस)। जौनपुर ब्लॉक के श्रीकोट क्षेत्र के लोगों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उप स्वास्थ्य केंद्र) की सेवाएं शुरू होने के लिए अब 31 मार्च तक इंतजार करना पड़ सकता है। निर्माणाधीन आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भवन निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। स्वास्थ्य विभाग ने भवन को हैंडओवर लेने का काम शुरू कर दिया है। स्वास्थ्य विभाग ने पहले दिसंबर से केंद्र का संचालन करने की बात कही थी लेकिन पानी और बिजली का कनेक्शन लेने की प्रक्रिया तय समय पर कार्य पूरा न होने से लोकार्पण की तिथि भी पीछे खिसकती जा रही है। श्रीकोट में उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी। वर्ष 2०2० में सरकार ने केंद्र के लिए 42.47 लाख रुपये की स्वीकृति दी थी लेकिन भूमि के अभाव में यह प्रोजेक्ट अटका हुआ था। गत वर्ष श्रीकोट गांव निवासी रणवीर सिंह बिष्ट ने स्वास्थ्य विभाग को अपनी दो नाली भूमि दान देकर इस कार्य को गति दी थी। कार्यदायी संस्था ग्रामीण निर्माण विभाग के जेई पंकज राणा ने बताया कि उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण अब पूरा हो चुका है। बिजली का कनेक्शन लेने के लिए विभाग ने आवेदन किया है। इस माह के अंत तक भवन स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर कर दिया जाएगा। आयुष्मान आरोग्य मंदिर का संचालन शुरू होने से श्रीकोट, कोट, भटवाड़ी, बिष्टौसी, घियाकोटी, सेंदुल, झिंगेरी, घराणा, एंदी गांव के लोगों इसका लाभ मिलेगा।

## ई-रिक्शा से टक्कर में बाइक सवार दो युवक घायल

रुद्रपुर(आरएनएस)। एनएच- 74 पर बाइक और ई-रिक्शा की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों का सीएचसी में इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक, आशीष कटियार पुत्र सरोज कटियार निवासी बद्रीपुर हलेरा पुवायां शाहजहांपुर और सुनील पुत्र सोहन लाल निवासी विकास कॉलोनी किच्छा बाइक से रुद्रपुर से किच्छा की ओर आ रहे थे। पनचक्की फार्म के निकट उनकी गलत साइड से आ रहे ई-रिक्शा से टक्कर हो गई। हादसे में दोनों युवक घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहीं दुर्घटना के समय वहां से गुजर रहे विधायक तिलकराज बेहड़ भी घायलों के साथ सीएचसी पहुंचे। उन्होंने एनएच पर ई-रिक्शा की आवाजाही को पुलिस की लापरवाही बताया।

# कांवड़ यात्रा व्यवस्थाओं का डीएम-एसएसपी ने लिया जायजा

हरिद्वार(आरएनएस)। शारदीय कांवड़ यात्रा को सुव्यवस्थित संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने कांवड़ पटरी मार्ग तथा नजीबाबाद मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने कांवड़ यात्रियों का फूल-मालाओं से स्वागत करते हुए उन्हें फल और जलपान वितरित किया।

नजीबाबाद मार्ग पर चंडी चौक से थाना श्यामपुर तक निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को कांवड़ पटरी मार्ग और राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात व्यवस्था सुचारु रखने, साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा विद्युत, पेयजल और स्वास्थ्य सुविधाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए ताकि शिवभक्तों को असुविधा न हो। इस दौरान एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह, उपजिलाधिकारी जितेंद्र कुमार, एसडीएम आकाश जोशी, सीओ सिटी शिशुपाल सिंह नेगी, ट्रैफिक इंस्पेक्टर हितेश कुमार व प्रोजेक्ट डायरेक्टर एनके शर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। कुंभ 2०27 को लेकर कार्यों की समीक्षा आगामी कुंभ मेले को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने और यातायात व्यवस्था मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग के तहत निर्माणाधीन बाईपास और फ्लाईओवर कार्यों का निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि श्यामपुर से बहादराबाद बाईपास तिराहे तक नीलधारा पार्किंग के लिए सर्विस लेन मार्ग तैयार किया जाए। इसके लिए वन विभाग, सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश और उपजिलाधिकारी से संयुक्त निरीक्षण कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा गया। इसे मेलाधिकारी को भेजा जाएगा। साथ ही निर्माण कार्यों को शीर्ष प्राथमिकता पर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए ताकि यातायात प्रभावित न हो।

एसएसपी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने कहा कि कांवड़ यात्रा और आगामी कुंभ मेले को ध्यान में रखते हुए यातायात व्यवस्था और बेहतर बनाने के लिए निरीक्षण किया गया है। नीलधारा पार्किंग के लिए सर्विस लेन तैयार होने से यातायात सुचारु रूप से संचालित होगा। श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी।

# सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया 10 लाख रुपये का योगदान



संवाददाता

देहरादून। सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर हरीश चंद्र जोशी ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दस लाख रूपये का योगदान दिया। आज यहां लोगों के सुख-दुख में सहभागी बनने और समाज के प्रति दायित्व निभाने वालों की भी कोई कमी नहीं है। इसी भावना का परिचय देते हुए सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर हरीश चंद्र जोशी, निवासी वसंत विहार, देहरादून एवं मूल निवासी जहरिखाल, पौड़ी गढ़वाल, ने मुख्यमंत्री राहत कोष में 10 लाख रुपये की धनराशि दान की। ब्रिगेडियर जोशी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर चेक सौंपा। यह सहयोग पूर्व में आई दैवीय आपदाओं के दौरान राहत-बचाव कार्यों तथा आपदा से प्रभावित गरीब एवं वंचित बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका में सहायता के उद्देश्य से दिया गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि एक अनुभवी सैन्य अधिकारी होने के नाते ब्रिगेडियर जोशी की यह पहल राज्य और समाज के समग्र विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है तथा समाज के अन्य लोगों को भी सेवा और सहयोग के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर ब्रिगेडियर एच. के. जोशी की पुत्री सुश्री शानू जोशी भी उपस्थित थी।

# रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी का तबादला, शासन ने दिये अन्य दायित्व

हमारे संवाददाता

रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड शासन द्वारा गुरुवार को जारी प्रशासनिक तबादला आदेशों के तहत जनपद रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी प्रतीक जैन (आईएएस 2018 बैच) का स्थानांतरण किया गया है। उन्हें जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग के पद से मुक्त करते हुए प्रबंध निदेशक, गढ़वाल मंडल विकास निगम (जीएमवीएन) नियुक्त किया गया है। साथ ही

## ●छोटे कार्यकाल में जनसेवा की शानदार मिसाल
## ●विशाल मिश्रा होंगे रुद्रप्रयाग के नए जिलाधिकारी



उन्हें मिशन निदेशक जल जीवन मिशन, परियोजना निदेशक नमामि गंगे एवं केएफडब्लू परियोजना का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। उनके स्थान पर विशाल मिश्रा (आईएएस 2018 बैच) को रुद्रप्रयाग का नया जिलाधि कारी नियुक्त किया गया है।

पूर्व जिलाधिकारी प्रतीक जैन का कार्यकाल जनपद में अत्यंत सराहनीय रहा। जून माह में कार्यभार ग्रहण करने के अगले ही दिन उन्होंने स्वयं पैदल चलकर श्री केदारनाथ धाम तक यात्रा व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। उनके इस संवेदनशील एवं सक्रिय नेतृत्व के फलस्वरूप श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को सुरक्षित एवं सुचारू यात्रा का अनुभव प्राप्त हुआ। त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में उन्होंने कुशल नेतृत्व प्रदान करते हुए जनपद में शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराई।

मानसून अवधि में तहसील बसुकेदार अंतर्गत आई प्राकृतिक आपदा के दौरान भी उन्होंने संवेदनशीलता एवं प्रतिबद्धता की मिसाल पेश की। स्वयं का स्वास्थ्य अनुकूल न होने के बावजूद वे प्रथम दिवस ही विषम मार्गों से होते हुए तालजामण क्षेत्र पहुंचे और आपदा प्रभावितों को तत्काल राहत उपलब्ध कराई। उनके निर्देशन में प्रशासनिक टीमों द्वारा युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य संचालित किए गए, जिससे क्षेत्र में शीघ्र सामान्य स्थिति बहाल हो सकी। जनपद रुद्रप्रयाग प्रशासन द्वारा प्रतीक जैन के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके नए दायित्वों के सफल निर्वहन की शुभकामनाएं व्यक्त की गई हैं। साथ ही नव नियुक्त जिलाधिकारी विशाल मिश्रा के नेतृत्व में जनपद में और अधिक गति से विकास कार्यों को करने की प्रतिबद्धता जताई है।

# विधानसभा सत्र की समयावधि बढाने की मांग को लेकर कांग्रेस ने दिया ज्ञापन

संवाददाता

देहरादून। महानगर कांग्रेस कमेट के अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी ने विधानसभा के बजट सत्र की समयावधि बढाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया।



आज महानगर कांग्रेस कमेटी देहरादून के अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी के नेतृत्व में जिलाधिकारी, देहरादून के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड को ज्ञापन प्रेषित किया गया। ज्ञापन में मांग की गई कि प्रस्तावित उत्तराखण्ड विधानसभा के बजट सत्र की समयावधि कम से कम 21 दिन निर्धारित की जाए, ताकि कम से कम तीन सोमवार को प्रश्नकाल एवं विधायी कार्य सुचारु रूप से संपन्न हो सकें। ज्ञापन में कहा गया कि सोमवार का दिन परंपरागत रूप से मुख्यमंत्री के विभागों से संबंधित प्रश्नों के लिए निर्धारित होता है। वर्तमान में मुख्यमंत्री के पास लगभग 40 महत्वपूर्ण विभाग हैं, जिनमें विधायी एवं संसदीय कार्य, ऊर्जा, पेयजल, मंत्रिपरिषद, भ्रष्टाचार उन्मूलन एवं जनसेवा, चिकित्सा शिक्षा आदि शामिल हैं। इसके बावजूद चतुर्थ विधानसभा के अंतिम काल तथा पंचम विधानसभा के अब तक आहूत किसी भी सत्र में सोमवार को प्रश्नकाल एवं विधायी कार्य नहीं हुए हैं।

महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री "धाकड़ धामी" विधायकों द्वारा जनता से जुड़े सवालों का सामना करने से बचते हैं। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों की विधानसभाओं की तुलना में उत्तराखण्ड विधानसभा के सत्र अत्यंत कम अवधि के लिए आहूत किए जाते हैं, जिससे जनता के ज्वलंत मुद्दे सर्वोच्च सदन में नहीं उठ पाते।

ज्ञापन में राज्य की बिगड़ती कानून-व्यवस्था, महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार, भ्रष्टाचार, वन्यजीवों के हमलों से हो रही जनहानि, पेयजल संकट, आपदा पीड़ितों के पुनर्वास एवं मुआवजे में देरी तथा सरकारी जमीनों की कथित बंदरबांट जैसे गंभीर विषयों पर विस्तृत चर्चा की आवश्यकता बताई गई। डॉ. गोगी ने कहा कि आज भी प्रदेश में कई कानून एवं नियमावलियां उत्तर प्रदेश काल की लागू हैं, जिन्हें उत्तराखण्ड की परिस्थितियों के अनुसार संशोधित किया जाना चाहिए। उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय द्वारा पंचायत राज अधिनियम पर की गई कड़ी टिप्पणी के बावजूद सरकार ने आवश्यक सुधार नहीं किए हैं। उन्होंने कहा कि पंचम विधानसभा के वर्तमान कार्यकाल में सार्थक विधायी कार्यों का अभाव रहा है, जिसे शीघ्र पूरा किया जाना चाहिए। ज्ञापन देने में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग मदन लाल, हेमंत उप्रेती, वीरेंद्र पंवार, सूरज छेत्री, सुनील जायसवाल, राजकुमार, अमरजीत, अभिषेक तिवारी आदि शामिल थे।

# नाले में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

संवाददाता

देहरादून। गंदे नाले में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज प्रात: कोतवाली पटेलनगर पुलिस को कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि चंद्रबनी श्मशान घाट के पास गंदे नाले में एक पुरूष का शव पडा हुआ है। सूचना पर कोतवाली पटेलनगर से पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा। मौके पर पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकाल कर फील्ड यूनिट के माध्यम से घटनास्थल की फोटोग्राफी वीडियोग्राफी करायी गयी। शव का निरीक्षण में शरीर पर कोई भी जाहिरा चोट या खरोंच के निशान नहीं मिले। मृतक के पास से कोई भी पहचान संबंधी दस्तावेज प्राप्त नही हुए हैं। आसपास के लोगो से मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन किसी ने भी शव की शिनाख्त नहीं की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मृत्यु के कारणों का पता चल सकेगा।

# आपराधिक घटनाओं के विरोध में एनएसयूआई ने किया पीएचक्यू पर प्रदर्शन

संवाददाता

संवाददाता

देहरादून। बढते अपराधों के विरोध में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने पुलिस मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। जिसके बाद उनको गिरफ्तार कर पुलिस लाईन पहुंचाया।




आज यहां एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं द्वारा डी.ए.वी. (पी.जी.) कॉलेज देहरादून के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल के नेतृत्व में उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय का घेराव कर ध रना-प्रदर्शन किया। एनएसयूआई का कहना है कि राजधानी में हत्या, लूट, चोरी, नशा तस्करी जैसी आपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे आम नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और युवाओं में भय का माहौल बन गया है। इसके बावजूद पुलिस प्रशासन और राज्य सरकार अपराध नियंत्रण में पूरी तरह विफल नजर आ रही है। प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ता उत्तराखंड पुलिस से अपराधों पर त्वरित व प्रभावी कार्रवाई, दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी, तथा राजधानी में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने की ठोस योजना लागू करने की मांग करी,साथ ही यदि प्रशासन ने शीघ्र कदम नहीं उठाए तो आंदोलन को और व्यापक स्तर पर ले जाने की चेतावनी भी दी गई। एनएसयूआई स्पष्ट करती है कि यह आंदोलन किसी राजनीतिक स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि आम जनता की सुरक्षा और न्याय के लिए है। संगठन का उद्देश्य उत्तराखंड को भयमुक्त, सुरक्षित और अपराधमुक्त बनाना है। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर पुलिस लाईन पहुंचाया। इस अवसर पर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष हिमांशु रावत, प्रदेश सचिव मुकेश बसेड़ा,नितिन नेगी, डीबीएस(पीजी) कॉलेज छात्र संघ अध्यक्ष हर्ष राणा, विधानसभा अध्यक्ष बकुल मखीजा, सौरभ सेमवाल, मयंक रावत, स्वयं रावत, दक्ष रावत, आर्यन भंडारी, हिमेश नेगी आदि कई एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विक्रम शर्मा हत्याकांडः आरोपियों की पहली तस्वीर आई सामने

हमारे संवाददाता

देहरादून। राजधानी देहरादून के राजपुर रोड स्थित सिल्वर सिटी मॉल में विक्रम शर्मा की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। वारदात में शामिल आरोपियों की पहली तस्वीर सामने आई है, जो मॉल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से प्राप्त हुई है।

सूत्रों के अनुसार, तस्वीर में संदिग्ध युवक वारदात के बाद तेजी से मौके से निकलते दिखाई दे रहे हैं। फुटेज के आधार पर उनकी पहचान और लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। घटना के बाद से शहर में नाकेबंदी कर दी गई है और संदिग्धों की तलाश में विभिन्न स्थानों पर दबिश दी जा रही है। प्रारंभिक जांच में आपसी रंजिश की आशंका जताई गई है, हालांकि पुलिस सभी एंगल से जांच कर रही है।

एसएसपी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जा सकती है। इस सनसनीखेज हत्याकांड से शहर में दहशत का माहौल है और पुलिस ने आमजन से अफवाहों से बचने की अपील की है।




# 15 दिनों के भीतर 5 हत्याएँ, कानून व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न हैः आर्य

संवाददाता

देहरादून। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि राजधानी में 15 दिनों के भीतर पांच हत्याओं कानून व्यवस्थ्का पर गम्भीर प्रश्नचिन्ह है।



आज यहां यशपाल आर्य, नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जब प्रदेश की राजधानी ही असुरक्षित हो जाए, तो आम जनता की सुरक्षा की गारंटी कौन देगा? राज्य में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और शासन-प्रशासन मौन दर्शक बना हुआ है। आर्य ने कहा कि हत्या जैसी जघन्य घटनाओं का लगातार सामने आना यह दर्शाता है कि पुलिस तंत्र पर दबाव या ढिलाई है, अपराधियों में कानून का भय समाप्त हो चुका है, खुफिया और निगरानी व्यवस्था कमजोर पड़ चुकी है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राजधानी में 15 दिन में 5 मर्डर होना किसी भी सरकार के लिए गंभीर चेतावनी है। यह सिर्फ आँकड़ों का विषय नहीं, बल्कि हर परिवार की सुरक्षा का सवाल है। उन्होंने कहा कि सरकार को तुरंत इन सभी मामलों की उच्चस्तरीय समीक्षा करनी चाहिए। अपराध नियंत्रण हेतु विशेष अभियान चलाना चाहिए। पुलिस गश्त और खुफिया तंत्र को मजबूत करना चाहिए। जनता को पारदर्शी जानकारी देनी चाहिए कि अब तक क्या कार्रवाई हुई। आर्य ने कहा कि यदि समय रहते कठोर और प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो जनता का विश्वास पूरी तरह डगमगा जाएगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राजधानी सुरक्षित होगी तभी राज्य सुरक्षित होगा। उन्होंने कहा कि अब कार्यवाही का समय है, बयानबाजी का नहीं।

# जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। जानलेवा हमला करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से एक धारदार चाकू बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार बीते बुधवार को ध नौरी रोड स्थित झुग्गी-झोपड़ी पीठ बाजार से आगे नहर पटरी के पास आपसी विवाद के चलते मारपीट हुई। जिसमें आरोपी ने अजय नामक एक व्यक्ति पर चाकू से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। जिस पर पुलिस ने पीड़ित पक्ष की ओर से जानलेवा हमला करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गयी। आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद बीती शाम आरोपी शेख कासिम निवासी लिमोदरा थाना झगड़िया जिला भरूच (गुजरात) को गिरफ्तार कर लिया। और उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया गया। चाकू बरामदगी के आधार पर मुकदमे में आर्म्स एक्ट की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया है।



# ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर पिकअप गंगा में समाई

## ●दो लोग लापता, रेस्क्यू जारी

हमारे संवाददाता

देवप्रयाग। ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज सुबह एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर गंगा नदी में समा गया। घटना देवप्रयाग से पहले चिलडांग के समीप की है, जहां सुबह लगभग पांच बजे ऋषिकेश से श्रीनगर की ओर जा रहा वाहन अचानक सड़क से उतरकर सीधे नदी में जा गिरा।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस सहित एसडीआरएफ की टीम द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। पुलिस प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक वाहन में दो लोगों के सवार होने की आशंका है, जिनकी तलाश के लिए नदी की लहरों के बीच युद्धस्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। नदी के तेज बहाव के बावजूद एसडीआरएफ के गोताखोर और पुलिस के जवान मुस्तैदी से खोजबीन में जुटे हैं, हालांकि अभी तक लापता व्यक्तियों और वाहन का कोई सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस द्वारा वाहन के पंजीकरण और अन्य स्रोतों के जरिए सवार व्यक्तियों की शिनाख्त की कोशिशें की जा रही है।



# मुख्तार अंसारी के शूटर की गोली मारकर हत्या!

कार्यालय संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में मुख्तार अंसारी गैंग से जुड़े शूटर शोएब की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर कार सवार हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की, जिससे इलाके में दहशत फैल गई।

माफिया मुख्तार अंसारी के करीबी और पूर्व ब्लॉक प्रमुख शोएब की बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।पूर्व ब्लॉक प्रमुख शोएब शुक्रवार को लखनऊ से वापस अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार देवा रोड स्थित असेनी मोड़ के पास पहुंची, पहले से घात लगाए बैठे बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। हमलावरों ने कार को निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हमलावरों ने करीब 10 राउंड गोलियां चलाईं, जिससे शोएब को संभलने का मौका भी नहीं मिला।



गोलियों की तड़तड़ाहट से हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर आसानी से मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों और सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल शोएब को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन घाव इतने गहरे थे कि डॉक्टरों ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया।

दिनदहाड़े हुई इस हत्या की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए। हाईवे पर फिल्मी अंदाज में हुई इस हत्या ने एक बार फिर प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

घटना के बाद हाईवे पर काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रही और क्षेत्र में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस प्रशासन ने दावा किया है कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*